भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4122**

24 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष औषधि प्रणाली**

4122. श्री वाई. देवेन्द्रप्पा:
श्री देवजी पटेल:
श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह:
श्री दिलीप शइकीया:
कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल:
श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में आयुष सेवाओं का और अधिक विस्तार करने के लिए कदम उठा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए कोई कार्ययोजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विभिन्न राज्यों में जिला-वार कितने आयुष केंद्र स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है और विगत तीन वर्षों के दौरान ऐसे आयुष केन्द्रों को आबंटित और जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा आयुष चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने और आयुष मंत्रालय में रिक्त पदों को भरने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क) और (ख): आयुष मंत्रालय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है और एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधान के अनुसार उन्हें विभिन्न गतिविधियों के तहत, वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में आयुष सेवाओं के समग्र विकास और संवर्धन और विस्तार के लिए उनके प्रयासों का समर्थन कर रहा है। मिशन अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित गतिविधियों के लिए प्रावधान करता है:-

i. आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्र
ii. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंदों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं की सह-स्थापना
iii. मौजूदा एकल सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन

iv. मौजूदा सरकारी/पंचायत/सरकारी सहायता प्राप्त आयुष औषधालयों का उन्नयन/मौजूदा आयुष औषधालय (किराए पर/जीर्ण-शीर्ण आवास पर) के लिए भवन का निर्माण/ उन क्षेत्रों में नए आयुष औषधालय की स्थापना के लिए भवन का निर्माण, जहां कोई आयुष सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं
v. 10/30/50 बिस्तरों तक के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना
vi. राजकीय आयुष अस्पतालों, राजकीय औषधालयों और सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थागत आयुष अस्पतालों को जरूरी दवाइयों की आपूर्ति
vii. आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम
viii. व्यवहार परिवर्तन संप्रेषण(बीसीसी)
ix. राज्य और जिला स्तर पर गतिशीलता सहायता
x. आयुष ग्राम
xi. उन राज्यों में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है
xii. आयुष स्नातक-पूर्व संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास
xiii. आयुष स्नातकोत्तर संस्थानों/एड ऑन पीजी/फार्मेसी/पैरा मेडिकल पाठ्यक्रमों का अवसंरचनात्मक विकास

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके पात्र वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं। एनएएम के तहत, आयुष मंत्रालय ने स्थापना के बाद से अब तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा एसएएपी के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्तावों के अनुसार 3457.04 करोड़ रुपये की राशि जारी की है।

इसके अलावा, मंत्रालय ने रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के तहत सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाएं महानिदेशालय (डीजीएएफएमएस) और रक्षा संपदा महानिदेशालय (डीजीडीई) के तहत स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों में आयुर्वेद को एकीकृत करने के लिए रक्षा मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापनों के अनुसार, रक्षा मंत्रालय के तहत कुल 49 आयुर्वेद इकाइयां; विभिन्न छावनियों में डीजीडीई के तहत 37 छावनी बोर्ड अस्पताल/औषधालय और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं के तहत 12 सेना अस्पताल शुरू किए गए हैं।

(ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, आयुष केंद्रों की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, एनएएम के तहत, 50/30/10 बिस्तर वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को वित्तीय सहायता का प्रावधान है। एनएएम के तहत, आयुष मंत्रालय ने 2014-15 से 2021-22 तक एसएएपी के माध्यम से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार एकीकृत आयुष अस्पतालों की 108 इकाइयों को स्वीकृति दी है। पिछले तीन वर्षों (2019-20 से 2021-22) के दौरान एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए आवंटित धनराशि और उसकी वर्तमान स्थिति का ब्यौरा **संलग्नक** पर दिया गया है।

(घ): आयुष मंत्रालय में चिकित्सा अधिकारी/अनुसंधान अधिकारी के स्तर पर आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिफारिशों के आधार पर विभिन्न विधाओं यथा आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी एवं सिद्ध में की जा रही है। रिक्तियों के आधार पर, आयुष मंत्रालय समय-समय पर आयुष चिकित्सकों की भर्ती के लिए यूपीएससी को मांग पत्र भेजता है। हाल ही में, यूपीएससी ने आयुष मंत्रालय में चिकित्सा अधिकारी/अनुसंधान अधिकारी के पद के लिए 37 आयुर्वेद, 36 होम्योपैथी और 06 यूनानी डॉक्टरों की सिफारिश की है।

*****

**संलग्नक**

**पिछले तीन वर्षों (2019-20 से 2021-22) के दौरान एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए आवंटित धनराशि का विवरण एवं वर्तमान स्थिति:**

**(लाख रुपये में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **एकीकृत आयुष अस्पताल का स्थान** | **2019-20 के दौरान स्वीकृत राशि** | **2020-21 के दौरान स्वीकृत राशि** | **2021-22 के दौरान स्वीकृत राशि** | **एकीकृत आयुष अस्पताल की वर्तमान स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंदमान और निकोबार द्वीप | पोर्ट ब्लेयर | 35.00 | 72.40 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| 2 | आंध्र प्रदेश | काकीनाडा | 254.97 | 0.00 | 0.00 | निर्माण शुरू नहीं हुआ |
| | | विशाखापत्तनम | 109.43 | 0.00 | 0.00 | निर्माण शुरू नहीं हुआ |
| 3 | असम | माजुली | 0.00 | 0.00 | 10.00 | निर्माण पूरा हुआ |
| 4 | बिहार | पटना | 200.00 | 0.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| 5 | छत्तीसगढ़ | जांगीर चंपा | 0.00 | 255.50 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | महासमुंद | 0.00 | 255.50 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | कोरिया | 0.00 | 255.50 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | कोरबा | 0.00 | 255.50 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | कांकेर | 0.00 | 255.50 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | नारायणपुर | 0.00 | 255.50 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | बीजापुर | 0.00 | 255.50 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | दंतेवाड़ा | 0.00 | 255.50 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | रायपुर | 0.00 | 0.00 | 300.00 | निर्माणाधीन |
| | | बिलासपुर | 0.00 | 0.00 | 300.00 | निर्माणाधीन |
| | | दुर्ग | 0.00 | 0.00 | 300.00 | निर्माणाधीन |
| | | सरगुजा जिला मुख्यालय | 0.00 | 0.00 | 300.00 | निर्माणाधीन |
| | | दल्ली राझरा | 0.00 | 0.00 | 255.00 | निर्माणाधीन |
| 6 | हरीयाणा | हिसार | 442.00 | 0.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| 7 | जम्मू-कश्मीर | किश्तवाड़ | 100.00 | 0.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | कुपवाड़ा | 100.00 | 127.08 | 89.31 | निर्माणाधीन |
| | | बिलावर | 0.00 | 150.00 | 89.31 | निर्माणाधीन |
| | | कुलगाम | 0.00 | 127.08 | 89.31 | निर्माणाधीन |
| | | सांबा | 0.00 | 100.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| 8 | झारखंड | रांची | 600.00 | 0.00 | 0.00 | निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ |
| 9 | कर्नाटक | गदग | 100.00 | 100.00 | 0.00 | कार्यशील |
| | | मंगलौर | 141.00 | 59.00 | 0.00 | कार्यशील |
| 10 | केरल | चालकुडी, त्रिशूर जिला | 0.00 | 100.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | केरल | मत्तन्नूर, कन्नूर | 100.00 | 433.33 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| 11 | महाराष्ट्र | नंदुरबार | 325.00 | 0.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | सिंधुदुर्ग | 325.00 | 0.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | पुणे | 325.00 | 0.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | अहमदनगर | 325.00 | 0.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| 12 | मणिपुर | कीराव, इंफाल पूर्वी जिला | 37.80 | 100.00 | 0.00 | कार्यशील |
| 13 | मध्य प्रदेश | भोपाल | 0.00 | 200.00 | 0.00 | कार्यशील |
| | | नरसिंहपुर | 0.00 | 0.00 | 200.00 | निर्माणाधीन |
| | | बालाघाट | 0.00 | 0.00 | 50.00 | निर्माणाधीन |
| | | सीहोर | 0.00 | 0.00 | 50.00 | निर्माणाधीन |
| 14 | मेघालय | सोहरा (चेरापूंजी), पूर्वी खासी हिल्स | 0.00 | 0.00 | 450.50 | निर्माणाधीन |
| | मेघालय | उमट्रे गांव, री भोई जिला, | 100.00 | 0.00 | 575.00 | निर्माणाधीन |
| 15 | मिजोरम | आइजोल | 0.00 | 69.61 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| 16 | नागालैंड | नोकलाक, तुएनसांग जिला | 97.72 | 0.00 | 0.00 | कार्यशील |
| | | रज़ा, चेदेमा | 100.00 | 30.84 | 119.16 | कार्यशील |
| | | सपंग्या (चुंगटिया) | 100.00 | 0.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | याचेम, लॉन्गलेंग | 100.00 | 0.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| 17 | ओडिशा | ढेंकनाल | 300.00 | 0.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | बालासोर | 100.00 | 0.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| 18 | पुडुचेरी | विलानूर | 0.00 | 50.00 | 209.05 | निर्माणाधीन |
| | | यनम | 108.00 | 28.60 | 180.74 | निर्माणाधीन |
| 19 | राजस्थान | सीकर | 450.00 | 0.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| 20 | उत्तर प्रदेश | सिराथू कौशाम्बी | 0.00 | 145.00 | 0.00 | कार्यशील |
| | | सोनभद्र | 0.00 | 145.00 | 0.00 | कार्यशील |
| | | उरई जालौन | 0.00 | 145.00 | 0.00 | निर्माण पूरा हुआ |
| | | संत कबीरनगर | 0.00 | 145.00 | 0.00 | कार्यशील |
| | | सहारनपुर | 0.00 | 145.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | देवरिया | 0.00 | 145.00 | 0.00 | कार्यशील |
| | | ललितपुर | 0.00 | 145.00 | 0.00 | कार्यशील |
| | | अमेठी | 0.00 | 145.00 | 0.00 | कार्यशील |
| | | कानपुर देहात | 0.00 | 145.00 | 0.00 | कार्यशील |
| | | फिरोजपुर, बलिया जिला | 0.00 | 145.00 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | रायबरेली | 0.00 | 300.00 | 161.64 | निर्माणाधीन |
| | | बागपत | 0.00 | 300.00 | 162.35 | निर्माणाधीन |
| | | फतेहपुर | 0.00 | 300.00 | 210.35 | निर्माणाधीन |
| | | श्रावस्ती | 0.00 | 212.93 | 0.00 | निर्माणाधीन |
| | | उन्नाव | 0.00 | 212.93 | 0.00 | निर्माणाधीन |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हरदोई | 0.00 | 0.00 | 265.00 | निर्माणाधीन |
| | | गोरखपुर | 0.00 | 0.00 | 265.00 | निर्माणाधीन |
| | | संभल | 0.00 | 0.00 | 265.00 | निर्माणाधीन |
| 21 | पश्चिमी बंगाल | पश्चिम मिदनापुर | 200.00 | 0.00 | 0.00 | कार्यशील |
| | | | **5175.918** | **6567.785** | **4896.701** | |